कार्यालय परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना भैरमगढ़,जिला–बीजापुर(छ०ग०)

क्रमांक /793/ एकी.बा.वि. / कार्य.सहा.भर्ती / 2026–27 भैरमगढ़ दिनांक18/11/2026

विज्ञापन

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना

एतद् द्वारा सूचित जाता है कि एकीकृत बाल विकास परियोजना भैरमगढ़ के निम्न दर्शित अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यकर्ता व सहायिका पद रिक्त होने के कारण इस पद पर नियुक्ति की जानी है। उक्त पदपूर्ति हेतु आवेदन ऑनलाईन पोर्टल **https://aww.e-bharti.in/** के माध्यम से प्रारंभिक तिथि 18/11/2026 से 02/12/2026 तक ऑनलाईन फार्म भरा जा सकता है। विस्तृत जानकारी ई–भर्ती पोर्टल **https://aww.e-bharti.in/** व कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

क.	आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम	ग्राम पंचायत	रिक्त पद का नाम	रिक्त पद की संख्या	रिमार्क
1	ईरियापारा	ईतामपार	आं.बा.कार्यकर्ता	1	पात्र आवेदन अप्राप्त होने के कारण पुनः विज्ञापन।
2	धर्मा	बैल	आं.बा.सहायिका	1	आवेदन अप्राप्त होने के कारण पुनः विज्ञापन।
3	बिरियाभूमि	बिरियाभूमि	आं.बा.सहायिका	1	
4	एंड्रीनार	बेचापाल	आं.बा.सहायिका	1	सहायिका की मृत्यु होने कारण पदपूर्ति हेतु विज्ञापन।

आवेदन किये जाने हेतु आवश्यक अर्हताएं निम्नानुसार हैः–

1. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का पद पूर्णतः मानसेवी, अस्थाई एवं अशासकीय पद है। सेवा से पृथक संबंधी कोई भी न्यायालयीन प्रकरण मान्य नहीं होगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को शासन द्वारा निर्धारित मानदेय प्रतिमाह दिया जावेगा।
2. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पद के लिये आयु सीमा 18 वर्ष से 44 वर्ष के मध्य होगी। आयु की गणना आवेदन आमंत्रित करने की सूचना जारी होने की तिथि से की जावेगी। सेवा की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी।
3. आवेदिका उसी ग्राम की स्थायी निवासी होना चाहिए जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है।
4. निवासी होने के प्रमाण में (I) ग्राम/नगरीय क्षेत्र की अद्यतन मतदाता सूची में दर्ज नाम एवं नगरीय क्षेत्र होने पर संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके कमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जावे अथवा (II) नगरीय निकायों में की जाने वाली नियुक्ति में वार्ड पार्षद अथवा पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड एवं ग्राम में निवासरत रहने का पता स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जावेगा।

टीपः–यदि किसी आवेदक के निवास के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उस आवेदक के निवास के सत्यापन हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास संबंधी प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा।

आवेदिका का न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होनी चाहिएः–

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु	12वीं बोर्ड उत्तीर्ण
आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु	8वीं बोर्ड उत्तीर्ण

पेज.....2

Scanned with OKEN Scanner

टीपः–उपरोक्तानुसार शहरी/ग्रामीण/आदिवासी परियोजना को आवेदिका न मिलने पर कार्यकर्ता व सहायिका पद हेतु शैक्षणिक योग्यता शिथिल मानकर 5वीं बोर्ड रखी जावेगी। उपरांत भी आवेदिका न मिलने पर शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रावधान शिथिल कर कम शैक्षणिक योग्यता वाली आवेदन पर विचार किया जावेगा।

5. शैक्षणिक प्रमाण पत्र विज्ञापन जारी के पूर्व का मान्य होगा। ग्रेडेशन, अंकसूची अंक के अभाव में अमान्य है। अतः कृपया अंक गणना हेतु यथोचित अंकसूची पोर्टल में अपलोड किया जावे अन्यथा आवेदन निरस्त किया जायेगा।
6. गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की महिला होने पर प्रभावशील सूची (सामाजिक आर्थिक एवं जाति जनगणना 2011 सर्वे सूची) से सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की अपलोड करने पर ही अंक दिया जायेगा, राशनकार्ड की प्रतिलिपि मान्य नहीं है।
7. जिन प्रमाण पत्रों के आधार पर अंक प्रदान करते हुए प्रावधिक चयन सूची जारी की जानी है, उन समस्त प्रमाण पत्र आवेदन के साथ पोर्टल पर अपलोड करने पर ही मान्य किया जावेगा।
8. आवेदन करने के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।
9. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/मिनी कार्यकर्ता/सहायिका पद से बर्खास्त आवेदनकर्ता को अपात्र माना जावेगा।

विशेषः–दावा आपत्ति आवेदन के साथ पोर्टल पर अपलोड वैध दस्तावेज के आधार पर किये दावा आपत्ति ही विचारणीय होंगे।

उपरोक्तानुसार अर्हता रखने वाले इच्छुक आवेदिका रिक्त पद हेतु आवेदन ऑनलाईन पोर्टल **https://aww.e-bharti.in/** के माध्यम से कर सकते है। ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना
भैरमगढ़,जिला–बीजापुर

पृ0क्रमांक/793A/ए.बा.वि./कार्य.सहा.भर्ती/2026–27
भैरमगढ़ दिनांक 18/11/2026

प्रतिलिपिः–

1- संचालक, संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2- कलेक्टर महोदय, जिला बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3- जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला–बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
4- अनुविभागीय अधिकारी (रा0), विकासखण्ड भैरमगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ।
5- मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत भैरमगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
6- खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड भैरमगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ।
7- खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड भैरमगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ।
8- सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत .....की ओर सूचनार्थ।
9- पर्यवेक्षक, सेक्टर ..... की ओर आवश्यक कार्यवाही कर प्रचार–प्रसार मुनादी का पावती दस्तावेज दिनांक .....के पूर्व इस कार्यालय में अनिवार्यतः प्रस्तुत करें।
10- नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु परियोजना कार्यालय ए0बा0वि0परि0 भैरमगढ़।

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना भैरमगढ़,जिला–बीजापुर(छ०ग०)

क्रमांक / 794 / एकी.बा.वि. / स्था0 / 2026–27 भैरमगढ़ दिनांक 18 / 11 / 2026

प्रति,

जिला जनसम्पर्क अधिकारी,
जिला–बीजापुर (छ0ग0)।

विषयः– **आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती सूचना के संबंध में।**

––00––

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विकासखण्ड भैरमगढ़ के अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना भैरमगढ़ के **सेक्टर चिहका आं.बा.केन्द्र ईरियापारा में कार्यकर्ता एवं सेक्टर धर्मा आं.बा. केन्द्र धर्मा, सेक्टर चिहका आं.बा.केन्द्र बिरियाभूमि तथा सेक्टर मिरतुर आं.बा. केन्द्र एंड्रीनार में सहायिका** पद हेतु कार्यालय पत्र कमांक / 793 दिनांक 18/11/26 के द्वारा पदपूर्ति किये जाने हेतु विज्ञापन जारी किया गया है।

अतः आपके स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित कर प्रसारित करने की कृपा करें।

संलग्नः– विज्ञापन पत्र प्रति।

परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना
भैरमगढ़,जिला–बीजापुर

पृ0कमांक / 794A / ए.बा.वि. / स्था0 / 2026–27 भैरमगढ़ दिनांक 18 / 11 / 2026

प्रतिलिपिः–

1- कलेक्टर महोदय, जिला बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2- मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जिला बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3- जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला–बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
4- अनुविभागीय अधिकारी (रा0), विकासखण्ड भैरमगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ।
5- मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत भैरमगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ।

परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना
भैरमगढ़,जिला–बीजापुर

Scanned with OKEN Scanner